विज्ञप्ति—

नमस्ते सर्वलोकानां कर्त्रे हर्त्रे महात्मने ।
पुरुषाय पुराणाय परं ज्योतिः स्वरूपिणे ॥

(शिवपुराण)

ज्योतिषशास्त्रके अनन्त पारावार में वारि विहार करते हुये छात्रों के रंजनार्थ मैंने कई पुस्तकों का प्रणयन किया। यद्यपि यह पुस्तक सभी श्रेणी के विद्वानों की मोद मंजरी बनेगी परन्तु इसमें विशेष ध्यान उन छात्रों की ओर है जिनके मानस को शास्त्र की दुरूहता मलिन कर रही है। बहुधा देखने में आता है कि भग्नोत्साह विद्यार्थी जीवन संग्राम के थपेड़ों को खाकर किंकर्तव्य विमूढ़ हो जाते हैं। यद्यपि जगत जानता है कि ये तिरस्कृत छात्र जगत के जगमगाते हीरे हैं, परन्तु तो भी उन्हें शान्ति नहीं, उन्हें विश्राम नहीं।

मेरा कल्प ज्योतिषशास्त्र को उनकी अवहेलना सहन नहीं, इस पुस्तक में मानों उसने अपना सर्व सुलभ फाटक खोल रक्खा है। प्रत्येक जिज्ञासु इसमें जाकर अपने जीवन का उद्देश्य निश्चित कर सकता है। इसके द्वारा उसकी निष्ठा प्रतिष्ठा तथा बुद्धि प्रचुरता की वृद्धि होने लगती है। छोटे छात्रों की पाठ्य पुस्तक होने के साथही साथ यह बड़े छात्रों की भी पथ प्रदर्शिनी है। शिक्षित छात्र भी बहुधा कर्म महत्व नहीं होते। परन्तु इसके उदाहरण उनके सामने कोई भी कठिनाई न रहने देंगे। इसमें स्थूल दृष्टि से ज्योतिष के गणित एवं फलित दोनों विभागों को समझाया गया है। नाम में नहीं पर काम में तो अवश्य ही यह ज्योतिषसार है। यह इस शास्त्रकी प्रथम पुस्तक है। कंठस्थ करने वाला छात्र इच्छित फल प्राप्त करेगा।

इसमें नौरत्न निर्मित किये गये हैं, १ संज्ञारत्न, २ मुहूर्तरत्न, ३ संस्काररत्न, ४ विवाहरत्न, ५ यात्रारत्न, ६ गृहरत्न, ७ जन्मांगरत्न, ८ वर्षरत्न, ९ मिश्रितरत्न हैं, जिससे शास्त्रके विशेष अंशों पर विचार करने का ज्ञान होता है।

फाल्गुन कृष्ण,
महाशिवरात्रि।
सम्वत १९९४

भवदीय—
मातृप्रसाद पाण्डेय,
श्रीशंकरपाठशाला
काशी-मिर्जापुर।

॥ इति विषयानुक्रमणिका ॥

नक्षत्र अहोरात्र (दिन) होता है । ३० दिन का सूर्योदय से सावन मास होता है * ॥ २ ॥ ३ ॥ ४ ॥

ऋतु-अयन-वर्ष प्रमाणम् (मदीय सुक्तम्)-

ऋतुर्द्वाभ्यांहि मासाभ्यां षड्भिर्मासै स्तथायनम् ।
मासैर्द्वादशभिः सौरैर्वर्षमेकं निगद्यते ॥ ५ ॥

भा० टी०—दो मास का १ ऋतु, छः मास का १ अयन, और १२ मासों का १ वर्ष होता है ॥ ५ ॥

अयनानयन विधिः (मदीय सुक्तम्)-

मकरादिगतेषट्के सूर्यस्यैवोत्तरायणम् ।
कर्कादिषट्कगे सूर्ये दक्षिणायनमुच्यते ॥ ६ ॥

भा० टी०—मकर आदि ६ राशि में सूर्य के रहने से उत्तरायण और कर्क आदि छः राशि में सूर्य के होने से दक्षिणायन संज्ञा कहते हैं ॥ ६ ॥

गोलानयन विधिः (मतान्तरे)

मेषादिषट्कगे सूर्ये उत्तरो गोल उच्यते ।
तुलादिषट्कगे सूर्ये याम्यगोलः स उच्यते ॥ ७ ॥

भा० टी०—मेष आदि छः राशि में सूर्य के होने से उत्तर गोल और तुला आदि ६ राशियों में सूर्य के प्राप्त होने से दक्षिण गोल होता है ॥ ७ ॥

ऋतु आनयन विधिः (मतान्तरे)

मृगादिराशिद्वयभानुभोगात् षडृतवः [illegible] ।
ग्रीष्मश्च वर्षा च शरच्च तद्वद्धेमन्तनामा कथितोऽत्र षष्ठः ॥ ८ ॥

भा० टी०—मकर आदि दो दो राशियों में सूर्य के रहने से शिशिर, वसन्त, ग्रीष्म, वर्षा, शरद् और हेमन्त ये छः ऋतु होते हैं, अर्थात् मकर कुम्भ

---

* [illegible]

शिशिर, मीन मेष वसंत, वृष मिथुन ग्रीष्म, कर्क सिंह वर्षा, कन्या तुला शरद्, वृश्चिक धन हेमंत ऋतु जाने ॥ ८ ॥

मास संज्ञा (मु० ग०)-

मासश्चैत्रोऽथ वैशाखः ज्येष्ठश्चाषाढ संज्ञकः ।
ततस्तु श्रावणो भाद्र पदोऽथाश्विन संज्ञकः ॥ ९ ॥
कार्तिको मार्गशीर्षश्च पौषो माघोऽथ फाल्गुनः ।

भा० टी०-चैत्र*वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ श्रावण, भाद्रपद, (भादों) आश्विन (कुवार) कार्तिक मार्गशीर्ष (अगहन) पौष माघ और फाल्गुन ये १२ मासों के नाम हैं ॥ ९ ॥

मास भेदः (मु० ग०)-

मासोदर्शावधिश्चान्द्रः सौरः संक्रमणाद्रवेः ॥ १० ॥
त्रिंशद् दिनः सावनिको नाक्षत्रो विधुभभ्रमात् ।
प्रोक्तकार्येत्विमे मासाः विज्ञेया कोविदैः सदा ॥ ११ ॥

भा० टी०-अमावस से अमावस पर्यन्त चान्द्रमास, संक्रान्ति से संक्रान्ति तक सौर मास, ३० दिनों का सावन मास, और चन्द्रमा के भगण भोग काल का नक्षत्र मास नाम है ॥ १० ॥ ११ ॥

कस्मिन्कार्ये कि को मास ग्राह्यः (मु० ग०)-

सौरे कार्यो विवाहादि यज्ञयागादिके तथा ।
सावने गर्भवृद्ध्यादि नाक्षत्रे मेघ गर्भजम् ॥ १२ ॥
व्रतयज्ञादिकं चान्द्रे मासे परिणयः क्वचित् ।
चान्द्रस्तुद्विविधो मासः दर्शान्तः पौर्णिमान्तिमः ॥ १३ ॥
देवार्थे पौर्णिमास्यान्तो दर्शान्तः पितृकर्मणि ।

भा० टी०-सौरमास में विवाहादि कार्य करे, यज्ञयागादि कार्य करे, सावन मास में गर्भ वृद्धि आदि नाक्षत्र मास में मेघ का गर्भ आदि और चान्द्र के व्रत यज्ञ आदि कोई २ विवाह भी चान्द्र में करते हैं, चान्द्र मास दो प्रकार का

---

* मधु, माधव, शुक्र, शुचि, नभ, नभस्य, इष, ऊर्ज, सह, सहस्य, तप, तपस्य ये भी चैत्रादि मासों का क्रमसे नाम है।

होता है, शुक्ल प्रतिपदा से अमावस पर्यन्त दूसरा कृष्णपक्ष की प्रतिपदा से पूर्णिमा पर्यन्त। देव कार्य के निमित्त पूर्णिमा पर्यन्त वाला श्रेष्ठ है, और पितृ कर्म के लिये अमावस पर्यन्त वाला मास उत्तम है। (प्रश्न में तथा चक्रों के विचार में जहाँ २ तिथि को युत करना है वहाँ २ शुक्ल प्रतिपदा से तिथि का गणना होता है दर्शान्त मास का ही मान्य है) ॥ १२ ॥ १३ ॥

पक्ष संज्ञा (मु० ग०)-

शुक्ल कृष्णावुभौ पक्षौ देवे पित्रे च कर्मणि।
ग्राह्यौ तथा शुभं सर्वं शुक्लपक्षे प्रशस्यते ॥ १४ ॥

भा० टी०-शुक्ल, कृष्ण दो पक्ष देव पितृ कर्म के लिये हैं, शुभ सम्पूर्ण कार्य शुक्ल पक्ष में होना विशेष प्रशंसनीय है ॥ १४ ॥

अधिमास क्षयमास ज्ञानम् (संग्रहे०)-

असंक्रान्तिमासोधिमासः स्फुटः स्याद्-
द्विसंक्रान्तिमासः क्षयाख्यः कदाचित् ॥ १५ ॥
क्षयः कार्तिकादित्रये नान्यतः स्यात्
तदा वर्ष मध्येऽधिमासद्वयं च ॥ १६ ॥

भा० टी०—स्पष्ट सूर्य की संक्रांति जिस मास में न हो उसे अधिमास और जिस चान्द्र मास में दो सूर्य की स्पष्ट संक्रान्ति हो उसे क्षयमास कहते हैं। कार्तिकादि ३ मासों में ही क्षयमास होता है, जिस वर्ष में क्षयमास होता है उस वर्ष में दो अधिमास होता है ॥ १५ ॥ १६ ॥

(१९ वर्ष में ७ अधिमास होते हैं चैत्र वै० ज्ये० आ० श्रा० भा० आश्विन ये सात मास अधिमास होते हैं कभी २ फाल्गुन कार्तिक भी अधिमास हो जाता है माघ न तो कभी क्षयमास हो न अधिमास ही होता है। शाके के अनुसार भी अधिमास जानने का प्रकार लिखा है वह कभी २ एक मास न्यूनाधिक हो जाता है अतः वह स्थूल प्रकार है मुख्य प्रकार वही है कि जिस चान्द्र मास में संक्रान्ति न हो वह अधिमास होता है जैसा ऊपर लिखा है)

तत्र विहित कार्याणि (मदीयवृत्तम्)-

गर्भे मृत्ये क्षुरादि च प्रेत कर्मणि मासि के
नित्ये सपिण्डी करणे नाधिमासो विगर्हितः ॥ १७ ॥

भा० टी०–गर्भाधान से अन्नप्राशन ⊛ तक के संस्कार में नौकर रखने में मृतकर्म में मासिकश्राद्ध नित्यश्राद्ध सपिंडीश्राद्ध में अधिमास त्याग नहीं है ॥ १७ ॥

जन्म मास निर्णयः (नारदः)–

आरभ्य जन्म दिवसं यावत् त्रिंशद् दिनं भवेत् ।
जन्ममासः सविज्ञेयः गर्हितः सर्व कर्मसु ॥ १८ ॥

भा० टी०–जन्म के दिन से लेकर ३० दिन पर्यन्त जन्म मास है यह सम्पूर्ण मांगलिक कार्य में वर्जित है ॥ १८ ॥

तिथि नाम (संग्रह सर्वस्वे)–

प्रतिपच्च द्वितीया च तृतीया तदनन्तरम् ।
चतुर्थी पञ्चमी षष्ठी सप्तमी चाष्टमी ततः ॥ १६ ॥
नवमी दशमी चैवैकादशी द्वादशी ततः ।
त्रयोदशी ततः प्रोक्ता ततो ज्ञेया चतुर्दशी ॥ २० ॥
पूर्णिमा शुक्लपक्षेन्त्या कृष्णपक्षे त्वमा स्मृता ।

भा० टी०–प्रतिपदा, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी नवमी, दशमी, एकादशी, द्वादशी, त्रयोदशी, चतुर्दशी और शुक्लपक्ष के अन्त की १५ वीं तिथि पूर्णिमा, और कृष्ण पक्षकी अंतिम तिथि का नाम अमावस्या है ॥ १६ ॥ २० ॥

तिथीशाः (संग्रह सर्वस्वे)–

क्रमात्तिथीनांपतयोऽग्निधाता
गौरीगणेशोऽहिगुहो रविश्च
महेशदुर्गान्तक विश्वविष्णु
कामेशसोमाः पितरो हि दर्शे ॥ २१ ॥

भा० टी०–प्रतिपदादि तिथियों के अग्नि ब्रह्मा गौरी गणेश सर्प कार्तिकेय सूर्य शिव दुर्गा यम विश्वेदेव विष्णु, काम, शिव, पितर क्रमसे स्वामी हैं (अंक-

---

⊛ चौलादि शुभ कार्यार्थं जन्म मासे न दोषकम् ।
वमार्न हृतमरुणिमदोषं नदी विला हर्षदायकम् ।
पुत्र कन्या विवाहश्च जन्ममासे न वर्जयेत् ।

पदाके अग्नि, द्वितीया के ब्रह्मा, तृतीया के पार्वती, चतुर्थी के गणेश, पंचमी के सर्प, षष्ठी के षडानन, सप्तमी के सूर्य, अष्टमी के शिव, नवमी के दुर्गा, दशमी के यम, एकादशी के विश्वेदेव, द्वादशी के विष्णु, त्रयोदशी के कामदेव, चतुर्दशी के शिव, पूर्णिमा के चन्द्र, अमावस के पितर यही तिथियों के स्वामी हैं॥ २१ ॥

तिथीनां नन्दादि संज्ञा (संग्र० स०)—

नन्दाख्या प्रतिपत् षष्ठी तथा चैकादशी स्मृता।
भद्रा संज्ञा द्वितीया च सप्तमी द्वादशी तथा॥ २२ ॥
जयाख्या च तृतीया स्यादष्टमी च त्रयोदशी।
तथा रिक्ता चतुर्थी च नवमी च चतुर्दशी॥ २३ ॥
पूर्णा पञ्चदशी प्रोक्ता पञ्चमी दशमी तथा।
एवं पञ्चविधातिथ्यो नाम तुल्य फलप्रदा॥ २४ ॥

भा० टी०—१।६।११ नन्दा, २।७।१२ भद्रा, ३।८।१३ जया, ४।९।१४ रिक्ता, ५।१०।१५ पूर्णा संज्ञक तिथि हैं इस प्रकार तिथियों का पाँच संज्ञा लाघव के लिये किया है नाम के सदृश ये फल देती हैं।२२।२३।२४।

असत्तिथयः-(संग्रहे)-

रिक्तापष्ठी द्वादशी च ह्यमावस्याष्टमीतथा।
तिथयो न शुभाप्रोक्ता शेपास्तुतिथयः शुभाः॥ २५ ॥

भा० टी०—रिक्ता (४।९।१४) षष्ठी, द्वादशी, अमावस, अष्टमी ये अशुभ तिथि हैं, और शेष (२।३।५।७।१०।११।१३।१५) तिथि शुभ हैं॥ २५ ॥

आवश्यके वर्ज्यघट्यः (मु० चि०)—

वेदाङ्काष्ट नवार्केन्द्र पक्षरन्ध्रतिथी त्यजेत्।
वस्वङ्क मनुतत्त्वाशा शरा नाडीः पराः शुभाः २६ ॥

भा० टी०—दोनों पक्षोंकी चतुर्थी, षष्ठी, अष्टमी, नवमी, द्वादशी, चतुर्दशी ये पक्ष रन्ध्र तिथि हैं (ये तिथि छिद्र वाली हैं इसमें किये हुए कार्य का स्थिरता नहीं रहता है) वे त्याज्य हैं, परन्तु ये तिथि क्रमशः ८।९।१४।२५।१०।५ नाड़ी के बाद शुभ हैं॥ २६ ॥

वाराः (मदीय सूक्तम्)—

रविश्चन्द्रः कुजश्चान्द्री गुरुर्दैत्यगुरुः शनिः ।
वाराः प्रकीर्तिताः सप्त बुधैः सर्वहिताय वै ॥ २७ ॥
चन्द्र चन्द्रजशुक्रेज्याः वाराः सर्वत्रसौख्यदाः ।
सूर्य मंगल मन्दाश्च प्रोक्त कर्माणिसौख्यदाः ।

भा० टी०—सूर्य, *चन्द्र, मंगल, बुध बृहस्पति, शुक्र, शनि ये ७ वार हैं तिनमें चन्द्र बुध गुरु शुक्र सर्व कार्य में शुभ है और रवि भौम शनि कथित कार्य में शुभ हैं † ॥ २७ ॥

वार प्रवृत्तिः-(वशिष्ठ संहितायां)—

प्रभाकरस्योद्गमनात्पुरेस्याद् वार प्रवृत्ति दशकन्धरस्य ।
चरार्धं देशान्तर नाडिकाभिरूर्ध्वं तथाधोऽथपरत्रनस्मात् २८

भा० टी०—लंका में सदा सूर्योदय से वार प्रवृत्ति होती है अन्य देशों में चरार्ध । देशान्तर के संस्कार द्वारा वार प्रवृत्ति का ज्ञान होता है, यथा रेखा के पश्चिम देशान्तर संस्कार को जोड़े और पूर्व को घटावै जो प्राप्त हो उतना घट्यादि दिनार्द्ध के पूर्व वार प्रवृत्ति होती है ॥ २८ ॥

उदाहरण—कुरुक्षेत्रसे काशीजी ६३ योजनपर है इसमें इसका चतुर्थांश १५। ४५ हीन किया तो ४७ । १५ बचा, इसलिये काशी पूर्व है अतः १५ में घटाया तो घट्यादि १४ । १२ । ४५ दिनार्ध रहने पर वार प्रवृत्ति होगी दिनार्ध १५ ।८ है इसमें १४ । १२ । ४५ को हीन किया तो शेष ०। ४७ । १५ बचे अतः ४७ पल १५ विपल दिन चढ़े वार प्रवृत्ति हुई ॥ २८ ॥

काल होरा ज्ञानम् (मु० चि०)—

वारादेर्घटिका द्विघ्नाः स्वाक्षहृच्छेष वर्जिताः ।
सैकातष्टानगैः कालहोरेशाः दिनपात् क्रमात् ॥ २९ ॥

भा० टी०—वार प्रवृत्ति के समय से गत घटी को २ से गुणा करके दो जगह धरे एक जगह ५ का भाग देने से जो शेष बचे उसे दूसरे जगह घटाकर

---

* न वार दोषाः प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्य दैत्येज्य दिवाकराणाम् ।
दिवा शशाङ्कार्कजभूसुतानां सर्वत्रनिन्द्यो बुधवार एव ॥
† सं० बु० बृ० शु० शुभप्रद हैं । सू० मं० श० और रा० के० दुखप्रद हैं ।

फिर उनमें १ जोड़ कर ७ के भाग से जो शेष बचे वह उस दिन से होरेश है (होरेश * सूर्य शुक्र बु० चं० श० बृ० मं० होते हैं) ॥ २६ ॥

काल होरा प्रयोजनं (पी० धा०)-

यस्य ग्रहदिने कर्म यत्किञ्चिदभिधीयते ।
तस्यांश संस्थिते सूर्ये चन्द्रे वा तद्विधीयते ॥ ३० ॥

भा० टी०-जिस वार के जो कर्म विहित है आवश्यक कार्य में वह कर्म उस वार में सूर्य चन्द्रादि के काल होरा में करे ॥ ३० ॥

होरा फलं (पी० धा०)-

भानु होरामृतिं कुर्याच्चन्द्र होरा स्थिरासनम् ।
कारावन्धं भौमहोरा बुधहोरा च पुत्रदा ॥ ३१ ॥
वस्त्रालङ्कारदा जीव होरा शौक्रीविवाहदा ।
जडत्वं शनिहोरायां सप्तहोराफलं त्विदम् ॥ ३२ ॥

भा० टी०-सूर्य की होरा मृत्यु करती है, चन्द्र की स्थिर, मंगल की जेल भेजती है, बुध की पुत्रदा,गुरुकी वस्त्र अलंकार देने वाली,शुक्र की विवाहदा,शनि की जड़ बनाने वाली होरा है इस प्रकार का होरा का फल है ॥ ३१ ॥ ३२ ॥

नक्षत्र नामानि (मु० ग०)-

अश्विनी भरणीचैव कृत्तिका रोहिणी मृगः ।
आर्द्रा पुनर्वसुः पुष्यस्ततो श्लेषा मघा तथा ॥ ३३ ॥
पूर्वा फाल्गुनिका तस्मादुत्तराफाल्गुनी ततः ।
हस्तश्चित्रा तथा स्वाती विशाखा तदनन्तरम् ॥ ३४ ॥
अनुराधा ततो ज्येष्ठा ततोमूलं निगद्यते ।
पूर्वाषाढोत्तराषाढात्वभिजिच्छ्रवणस्ततः ॥ ३५ ॥
धनिष्ठा शततारारव्या पूर्वभाद्रपदस्ततः ।
उत्तराभाद्रपाचैव रेवत्येतानिभानि च ॥ ३६ ॥

---

* वार प्रवृत्तेर्दण्डिका द्विनिघ्नाः कालाख्य होरापतयः क्रमेण ।
दिनाधिपाद्या रविशुक्र सौम्य शशाङ्क सौरेज्य कुजाः क्रमेण ३।१ इति रत्नमाला• ।

भा० टी०–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, श्लेषा, मघा, पूर्वाफाल्गुनि, उत्तराफाल्गुनि, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल,पूर्वाषाढ़, उत्तराषाढ़, अभिजित्, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिष, पूर्वभाद्रपद, उत्तरा भाद्रपद, रेवती ये २८ नक्षत्र हैं ॥ ३३–३६ ॥

नक्षत्रेशाः (मु० मं०)-

दस्रः कालोऽनलःको विधु शिवमदितिर्जीव सर्पास्त्वधेशाः,
नक्षत्रेशा भगाख्यश्चार्यम दिवसपतिः त्वष्ट वातोनलेन्द्रौ ।
मित्रे जिष्णुश्चरक्षोजलमथ च ततो विश्वसंज्ञाविधिस्स्याद्,
विष्णुर्वस्वम्बुनाथाजचरणयुगाहिर्बुध्न्य पूषाभिधानौ ॥ ३७ ॥

भा० टी०–अश्विनीकुमार, यम, अग्नि, ब्रह्मा, चन्द्रमा, शिव, अदिती, गुरु, सर्प, पितर, भग, अर्यमा, सूर्य, त्वष्टा, वायु, शक्राग्नि, मित्र, इन्द्र, राक्षस, जल, विश्वेदेव, विधि, विष्णु, वसु, वरुण, अजचरण, अहिर्बुध्न्य पूषा (सूर्य) ये क्रम से अश्विनी आदि नक्षत्रों के स्वामी हैं ॥ ३७ ॥

नक्षत्राणां संज्ञाः तत्र ध्रुवस्थिरादि (रामः)-

उत्तरात्रयरोहिण्यो भास्करश्च ध्रुवं स्थिरम् ।
तत्र स्थिरं बीजगेह शान्त्यारामादि सिद्धये ॥ ३८ ॥

भा० टी०–तीनों उत्तरा, रोहिणी, ये नक्षत्र और रविवार इनकी ध्रुव-स्थिर संज्ञा होती है, इनमें स्थिर कर्म बीज बोना गृहप्रवेश करना और बाग लगाना आदि शब्द से मृदु संज्ञोक्त कार्य करने से शुभ होता है ॥ ३८ ॥

स्वात्यादित्ये श्रुतेस्त्रीणि चन्द्रश्चापि चरं चलम् ।
तस्मिन् गजादिकारोहो वाटिकागमनादिकम् ॥ ३९ ॥

भा० टी०–स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिष ये नक्षत्र और चन्द्रवार चर चलसंज्ञक हैं । इसमें हाथी घोड़ा आदि सवारी बागली यात्रा आदि कार्य करने से शुभ होते हैं । तथा लघुनक्षत्रोक्त कर्म भी सिद्ध होते हैं ॥ ३९ ॥

पूर्वात्रयं याम्य मघे उग्रं क्रूरं कुजस्तथा ।
तस्मिन् घातानि शाठ्यानि विषशस्त्रादि सिद्ध्यति॥४०॥

भा० टी०–तीनों पूर्वा, भरणी, मघा, और भौमवार उग्र, क्रूर संज्ञक हैं

इनमें शत्रुको मारणकृत्य, अग्निकृत्य, विषकृत्य तथा दारुण नक्षत्रोक्त कृत्य भी सिद्ध होते हैं ॥ ४० ॥

विशाखाग्नेय भे सौम्यो मिश्रं साधारणं स्मृतम् ।
तत्राग्निकार्यं मिश्रं च वृषोत्सर्गादि सिद्धये ॥ ४१ ॥

भा० टी०-विशाखा, कृत्तिका और बुधवार मिश्र एवं साधारण संज्ञक हैं, इनमें अग्निहोत्रादि वृषोत्सर्गादि कार्य और उग्र नक्षत्रोक्त कार्य भी सिद्ध होते हैं ॥ ४१ ॥

हस्ताश्विपुष्याभिजितः क्षिप्रं लघुगुरुस्तथा ।
तस्मिन् पण्यरतिज्ञानं भूषा शिल्प कलादिकम् ॥ ४२ ॥

भा० टी०-हस्त, अश्विनी, पुष्य, अभिजित् और गुरुवार क्षिप्र तथा लघु-संज्ञक हैं, इसमें दुकान, स्त्री संभोग, शास्त्रादिज्ञानारंभ, भूषण, शिल्पविद्या, ६४ कला और चर नक्षत्रोक्त कार्य भी सिद्ध होते हैं ॥ ४२ ॥

मृगान्त्य चित्रा मित्रर्क्षं मृदुर्मैत्रं भृगुस्तथा ।
तत्रगीताम्बरक्रीडा मित्र कार्यं विभूषणम् ॥ ४३ ॥

भा० टी०-मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा और शुक्रवार मृदु तथा मैत्र संज्ञक है, इसमें गीतकृत्य, वस्त्र धारणादि, रति, मित्रकार्य भूषण कृत्य तथा ध्रुव नक्षत्रोक्त कार्य करना शुभ है ॥ ४३ ॥

मूलेन्द्रार्द्राहिभं सौरि तीक्ष्णंदारुण संज्ञकम् ।
तत्राभिचार घातोग्र भेदाः पशुदमादिकम ॥ ४४ ॥

भा० टी०-मूल, ज्येष्ठा, आर्द्रा, श्लेषा, नक्षत्र और शनिवार तीक्ष्ण तथा दारुण संज्ञक है इनमें अभिचार (जादूगरी) मारणादि, घोड़ा हाथी आदि पशुओं का दमन (शिक्षा या बंधन या नपुंसक करना) और उग्र नक्षत्रोक्त कार्य भी सिद्धि होते हैं ॥ ४४ ॥

मूलाहि मिश्रोग्र मधोमुखं भवेद्-
ध्वास्य मार्द्रेज्यहरित्रयं ध्रुवम् ।
तिर्यङ्मुखं मैत्रकरानिलादिति-
ज्येष्ठाश्विभानीदृश कृत्यमेषु सत् ॥ ४५ ॥

भा० टी०—मूल, श्लेषा, और मिश्रसंज्ञक (वि० कृ०) अधोमुख संज्ञक हैं इनमें नीचे का कार्य अर्थात् भूमि खनन इत्यादि शुभ होता है। आर्द्रा, पुष्य, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, और ध्रुव नक्षत्र (उ० रो०) ऊर्ध्वमुख हैं इनमें गृह बनाना राज्याभिषेक आदि कार्य सिद्धि होते हैं। मैत्र संज्ञक (मृ० रे० चि०अनु०) हस्त, स्वाती, पुनर्वसु, ज्येष्ठा, अश्विनी, तिर्यङ् मुखसंज्ञक नक्षत्र है इनमें रथ चक्र हल चक्र पशुकृत्य, सायकिल, मोटर आदि चलाना शुभ है॥ ४५॥

अंधकादि नक्षत्राणि (मु० चि०)-

अन्धाक्षं वसु पुष्यधातृजलभ द्वीशार्यमान्त्याभिधं,
मन्दाक्षं रविविश्वमित्रजलपाश्लेपाश्विचान्द्रं भवेत्।
मध्याक्षं शिव पित्रजैकचरणा त्वष्ट्रेन्द्रविध्यन्तकं,
स्वक्षं स्वात्यदितिश्रवोदहनभाहिर्बुध्न्य रक्षोभगम् ॥४६॥

भा० टी०-रोहिणी से आरंभ करके एक नक्षत्र की अंधाक्ष, फिर एक की मंदाक्ष, फिर एक की मध्याक्ष, फिर एक की स्वक्ष (सुलोचन) संज्ञा है। फिर इसके आगे भी इसी प्रकारकी संज्ञा सम्पूर्ण नक्षत्रों की है) चक्रमें देखिये। "अन्धाक्षं वसुपुष्य" इसके अनुसार विस्पष्ट मालूम हो जायगा॥ ४६॥

अन्धाक्ष	रो० पु० उ० वि० पू० ध० रे०
मन्दाक्ष	मृ० श्ले० ह० अ० उ० श० अ०
मध्याक्ष	आ० म० चि० ज्ये० अ० पू० भ०
स्वक्ष	पु० पू० स्वा० मू० श्र० उ० कृ०

अन्धादि नक्षत्राणां फलम् (मु० चि०)-

विनष्टार्थस्य लाभोन्धे शीघ्रं मन्दे प्रयत्नतः।
स्याद्दूरे श्रवणं मध्ये श्रुत्याप्ती न सुलोचने॥ ४७॥

भा०टी०—उक्त संज्ञक नक्षत्रों का प्रयोजन यह है, कि यदि अन्धलोचन नक्षत्र में वस्तु नष्ट होगया हो तो शीघ्र मिलता है, मन्दलोचन नक्षत्र में गई हो तो

मयत्न से मिले, पञ्चलोचन में दूर सुनाई पड़े, और सुलोचन में गई हुई वस्तु कहाँ है यह सुनाई न पड़े ॥ ४७ ॥

मूल नक्षत्र (मदीय पद्यम्)-

पौष्णाश्विनी मघासार्प पुरुहूताख्यभानि तु ।
मूलं हि तर्क नक्षत्रं मूलाख्यमेषु च ॥
उत्पन्नानां कुमाराणामनिष्टानि भवन्ति च ॥ ४८ ॥

भा० टी०–१ रेवती, २ अश्विनी, ३ मघा, ४ श्लेषा, ५ ज्येष्ठा, ६ मूल ये छ नक्षत्र मूल संज्ञक हैं इन नक्षत्रों में बालक उत्पन्न होय तो अनिष्टकारक होता है । इसलिये उसकी शान्ति अवश्य करनी चाहिये ॥ ४८ ॥

पञ्चकम् (मदीयपद्यम्)-

भानि पञ्च धनिष्ठातः पञ्चकं किल कीर्त्यते ।
पञ्चके याम्य गमनं वर्जयेद् गृहछादनम् ॥ ४९ ॥
स्तंभोछ्रायं प्रेतदाहं तृणकाष्ठादि संग्रहम् ।
सज्जानिर्माणकं कुम्भे मीने चन्द्रे स्थिते त्यजेत् ॥ ५० ॥

भा० टी०–धनिष्ठा से पांच नक्षत्रको पंचक कहते हैं, पंचक में दक्षिणदिशा की यात्रा न करे और गृह न छावे । स्तंभस्थापित न करे न मुरदा जलावे, तृणकाष्ठादिको एकत्र न करे, सज्जा (चारपाई, पलंग) न बनवावे जब कुम्भ मीनके चन्द्रमा रहें । किसी के मत से श्रवण से छ नक्षत्र पंचक, किसी के मत से धनिष्ठा से ५ नक्षत्र, किसी के मत से आधे धनिष्ठा के बाद से ४॥ नक्षत्र को ही पंचक संज्ञा कहे हैं ॥ ४९-५० ॥

स्वामितिथ्यंशाः दिवारात्रि पञ्चदशमुहूर्ताः ।

शिवोऽहि मैत्र पितरो वस्वम्भो विश्ववेधसः ।
विधि रिन्द्रोऽथशक्राग्नि रक्षोऽब्धीशोर्यमा भगः ॥ ५१ ॥
मुहूर्तेशा इति प्रोक्ता दिवा पञ्चदशेक्रमात् ।
मुहूर्ता रजनौ शम्भु रजैकचरणान्त्ययः ॥ ५२ ॥
दास्रात्पञ्चादिति र्जीवो विष्णवर्कौत्त्वमारुतौ ।
दिनमानस्य तिथ्यंशो रात्रे रपि मुहूर्तकः ॥ ५३ ॥

भा० टी०-शिव, सर्प, मित्र, पितर, वसु, जल, विश्वेदेव, ब्रह्मा, इंद्र, इन्द्राग्नि, राक्षस, वरुण, अर्यमा, भग, ये दिनके १५ मुहूर्तों के स्वामी हैं। शिव, अजपाद्, अहिर्बुध्न्य, पूषा, अश्विनी कुमार से पांच (दास, यम, अग्नि, विधि, चन्द्र) अदिती, गुरु, विष्णु, सूर्य, तक्ष, वायु, ये रात्रिके १५ मुहूर्त हैं। दिनमान का १५ वां अंश पर्यन्त दिनका एक मुहूर्त होता है और रात्रिमान का १५ वाँ अंश रात्रि का एक मुहूर्त होता है, दिन ३० दंड पूरा रहता है तब तो "मुहूर्तोघटिकाद्वयं" के अनुसार दो घटीका एक मुहूर्त होता है। और दिनमान के न्यूनाधिक होने पर दिन रात्रि दोनों के मान में १५ का भाग देने से एक मुहूर्त मिलेगा ॥ ५१ ॥ ५२ ॥ ५३ ॥

प्रयोजनम् (मदीयवृत्तम्)-

यस्मिन्नृक्षेहि यत्कर्म कथितं निखिलं च यत्।
तद्दैवत्ये तन्मुहूर्ते कार्यं यात्रादिकं सदा ॥ ५४ ॥

भा० टी०-जिस नक्षत्र में जो कार्य कहा है, वह सम्पूर्ण कार्य यात्रा आदि उसके स्वामी के तिथ्यंश में करना शुभ है, दिनमें ३ रे, रात्रि में ५-६-११-१३ ये मुहूर्त में यात्रा शुभ होती है, इसी प्रकार अन्यविषयोंको भी विचार करे॥५४॥

विष्कम्भादि योग ज्ञानम् (मदीय पद्यम्)

यन्नक्षत्रे स्थितश्चन्द्रो यन्नक्षत्रे दिवाकरः।
द्वयोर्योगेत्यजेदेकं योगा विष्कम्भकादिका ॥ ५५ ॥

भा० टी०-जिस नक्षत्र के चन्द्रमा हो और जिस नक्षत्र के सूर्य हो उन दोनो की संख्या एकत्र जोड़ उसमें १ घटाने से विष्कंभादि योग होते हैं। जैसे अश्विनी के सूर्यमें पुष्य के चन्द्रमा है तो सूर्य नक्षत्र की संख्या १ चन्द्र नक्षत्रकी संख्या ८ है दोनों को जोड़ा तो ९ हुआ इसमें १ हीन किया तो ८ बचे अतः विष्कंभादि में ८ वां योग धृति हुआ, इसी प्रकार सब जाने। जहाँ जोड़नेसे २७ से अधिक हो जाय, वहाँ २७ से शोधित कर लेय ॥ ५५ ॥

विष्कम्भादियोगाः।

विष्कभः प्रीतिरायुष्मान् सौभाग्यः शोभनाभिधः।
अतिगण्डः सुकर्माख्यो धृतिशूलाभिधानकः ॥ ५६ ॥

गण्डो वृद्धिः ध्रुवश्चाथ व्याघातो हर्षणाढ्यः ।
वज्र सिद्धिर्व्यतीपातो वरीयान् परिघः शिवः ॥ ५७ ॥
सिद्धि साध्यः शुभः शुक्लो ब्रह्मा चैन्द्रोऽथ वैधृतिः ।
योगानां ज्ञेयमेतेषां स्वनाम सदृशं फलम् ॥ ५८ ॥

भा० टी०—विष्कम्भ १, प्रीति २, आयुष्मान् ३, सौभाग्य ४, शोभन ५, अतिगंड ६, सुकर्मा ७, धृति ८, शूल ९ गंड १० वृद्धि ११, ध्रुव, व्याघात १३, हर्षण १४, वज्र १५, सिद्धि १६, व्यतीपात् १७, वरियान् १८, परिघ १९, शिव २०, सिद्धि २१, साध्य २२, शुभ २३, शुक्ल २४, ब्रह्मा २५, ऐन्द्र २६, वैधृति २७ यह २७ योग अपने २ नाम के समान फल देने वाले हैं॥५६-५८॥

शुभे त्याग योगौ तथा योग परित्याग घट्यः ।

वैधृती व्यतिपाताख्यौ सम्पूर्णौ वर्जयेच्छुभे ।
वज्र विष्कम्भयोश्चैव घटिका त्रय मादिकम् ॥ ५९ ॥
परिघार्धं पञ्चशूले व्याघाते घटिका नव ।
गण्डातिगण्डयोः षट् च हेया सर्वेषु कर्मसु ॥ ६० ॥

भा० टी०—वैधृती व्यतीपात् योग सम्पूर्ण शुभ कार्य में वर्जित हैं, वज्र विष्कंभ योग के आदि की तीन घटी त्याज्य है, परिघ आधा परित्याग है, शूल-योग का ५ घटी, व्याघात का ९ घटी, गंड अतिगंड का ६ घटी सब कार्यों में वर्जित है ॥ ५९—६० ॥

करणानि (तंत्रदर्पणस्थे)-

करणानि* चराख्यानि बव बालव कौलवम् ।
तैतिल गर वाणिज्ये विष्टिरेतानि सप्त च ॥ ६१ ॥
गताश्च तिथयो द्वाभ्यां निघ्नाशुक्लादितः क्रमात् ।
बवाख्य करणं पूर्वे ज्ञेयं सैकं परेदले ॥ ६२ ॥

---

* पंचमी को करण जानना है, तो गत तिथि चतुर्थी हुई । वर्तमान तिथि के [illegible] तिथि की पूर्वा, पके [illegible] । [illegible] करणम् से ठीक होता है। इसी प्रकार सब जाने ।

परे कृष्णचतुर्दश्यांदले च शकुनि र्भवेत् ।
दर्शे चतुष्पदं नागं पूर्वापर विभागयोः ॥ ६३ ॥
शुक्लं प्रतिपदः पूर्वे दले किंस्तुघ्न संज्ञकम् ।
एतेषां करणानां हि चतुष्कं स्थिर संज्ञकम् ॥ ६४ ॥

भा० टी०—बव, बालव, कौलव, तैतिल, गर, वणिज, विष्टि ये ७ चर संज्ञक करण हैं । गत तिथिके दूना करने पर जो अंक हो, वह शुक्लादि से बव आदि करण जाने और पर दलमें १ और मिलाने से करण ज्ञान होता है कृष्णपक्षकी चतुर्दशी के पर दल में शकुनी, अमावस के पूर्व दल में चतुष्पद, पर दलमें नाग, और शुक्ल पक्ष की परवा के पूर्व दलमें बव करण होता है। इन चार करणों का स्थिर संज्ञा है ॥ ६१–६४ ॥

भद्रा ज्ञानम् (मु० चि०)-

शुक्लेपूर्वार्द्धेऽष्टमी पञ्चदश्यो र्भद्रैकादश्यां चतुर्थ्यां परार्धे ।
कृष्णेऽन्त्यार्धेस्यात्तृतीया दशम्यो पूर्वेभागेसप्तमी शम्भुतिथ्योः ६५

भा० टी०—भद्रा शुक्ल पक्ष में अष्टमी पूर्णिमा को पूर्वार्ध में, एकादशी चतुर्थी को परार्ध में होती है, कृष्णपक्ष में तीज दशमी को परार्ध में और सप्तमी चतुर्दशी को पूर्वार्ध में होती है * ॥ ६५ ॥

भद्रानिवासः (मु० चि०)-

कुम्भ कर्कद्वये मर्त्ये स्वर्गेऽब्जेऽजात्त्रयेऽलिगे ।
स्त्रीधनुर्जूकनक्रेऽधो भद्रातत्रैव तत्फलम् ॥ ६६ ॥

भा० टी०—कुंभ, मीन, कर्क, सिंह, इन राशियों के चन्द्रमा में भद्रा मृत्युलोक में । मेष, वृष, मिथुन, वृश्चिक राशि के चन्द्रमा में स्वर्ग में । और कन्या, धन, तुला, मकर राशि के चन्द्रमा में पाताल लोक में रहती है । जिस लोक में भद्रा का वास रहता है वहीं शुभ अशुभ फल होता है ॥ ६६ ॥

तिथिः करणं च (ब्रह्मोवृत्तम्)-

स्वर्गस्थोर्ध्वमुखी भद्रा पातालस्थाप्यधोमुखी ।

---

*भद्रा पूर्वं चतुर्दश्यामष्टम्यां हि पञ्चके । [illegible] हि [illegible] । [illegible] । [illegible] बोधो [illegible] ।

सन्मुखेमर्त्य लोकस्था मृत्यु दात्री हि सन्मुखे ॥ ६७ ॥

भा० टी०—भद्रा का निवास स्वर्ग में रहता है तो उसका ऊपर को ओर मुख, पाताल में नीचे की ओर, मृत्युलोक में सन्मुख मुख रहता है, सन्मुख मुख रहने से मृत्यु करती है ॥ ६७ ॥

भद्रा मुख फलम्।

भद्रामुखेषु यो याति क्रोशमेकन्तु नोत्तरम्।
पुनरागमनं नास्ति सागरात्सरितो यथा ॥ ६८ ॥

भा० टी०—भद्रा के मुख में गमन करने वाला एक कोश से अधिक नहीं जाता है और फिर जिस प्रकार नदी समुद्र में जाकर नहीं लौटती, उसी प्रकार वह भी फिर लौट कर नहीं आता है ॥ ६८ ॥

आवश्यके भद्रापरिहारः।

तिथेः पूर्वार्धजा रात्रौ दिने भद्रा परार्धजा।
भद्रादोषो न तत्रस्यात् कार्येत्यावश्यके सति ॥ ६९ ॥

भा टी०—तिथि के पूर्वार्द्ध की भद्रा रात्रि में और तिथि के परार्द्ध की भ दिन में होती है अतः अत्यावश्यक कार्य में भद्रा का दोष नहीं होता है ॥ ६९

भद्रामुख पुच्छविभागः (मु० चि०)-

पञ्चदपदिकृताष्टरामरसभूयामादि घट्यः शरा,
वृष्टेरास्यमसद्गजेन्दुरसरामाद्यश्विबाणाब्धिषु ॥
याम्येष्वन्त्यघटीत्रयं शुभकरं पुच्छं तथावासरे,
विष्टिस्तिथ्य परार्धजा शुभकरी रात्रौ च पूर्वार्धजा ॥७०॥

भा० टी०—शुक्लपक्ष में ४।८।११।१५ तिथि में और कृष्णपक्ष में इन तिथियों के पूर्व २ की ३।७।१०।१४ तिथि में भद्रा होती है, चतुर्थ्यादि तिथियों के ५।२।७।४।८।३।६।१ इन प्रहरों * में क्रम से भद्रा † का मुख आदिमें ५ घड़ी

* तिथिमान के आठवें भाग का प्रहर कहते हैं। † भद्रा का अङ्ग विभाग इस प्रकार है कि ५ घड़ी मुख, १ घड़ी गला, ११ घड़ी हृदय, ४ घड़ी नाभि, ६ घड़ी कटि, ३ घड़ी पुच्छ। दैत्यों के [illegible] पराजय होने पर शंकरजी के [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] दैत्यों का संहार किया [illegible] [illegible] देवताओं ने भद्रा नाम धरा।

रहती है। जैसे चतुर्थी के ५वें महर के आदि में ५ घटी, अष्टमी के २ रे महर के आदि में ५ घटी, एकादशी के ७वें महर के आदि में ५ घटी, पूर्णिमा के चौथे महर के आदि में ५ घटी, तृतीया के ८वें महर के आदि में ५ घटी, सप्तमी के ३रे महर के आदि में ५ घटी, दशमी के ६वें महर के आदि में ५ घटी, और चतुर्दशी के प्रथम महर के आदि में ५ घटी भद्रा का मुख होता है, यह अत्यन्त दूषित है। और चतुर्थी के ८वें, अष्टमी के १ले, एकादशी के छठें, पूर्णिमा के ३रे, तृतीया के ७वें, सप्तमी के दूसरे, दशमी के पाँचवें चतुर्दशी के चौथे महर के अन्त में तीन घटी पुच्छ संज्ञक होती है, भद्रा का पुच्छ दुष्ट नहीं होता है शुभ कार्य में माह्य है। तिथि के उत्तरार्ध की भद्रा दिन में और पूर्वार्ध की रात्रि में शुभ होती है ॥ ७० ॥

कार्यं परत्वेन भद्रायां शुभत्वम् (संग्रहे)-

युद्धे भूपतिदर्शने भयवने घाते च पाते हठे,
वैद्यस्यागमने जलप्रतरणे शत्रोस्तथोच्चाटने।
सिंहोष्ट्रे खरमाहिषाजमृगके चाश्वे गृहपातने,
स्त्री सेवा ऋतुमज्जनेषु सकटे भद्रा सदा सौख्यदा ॥७१॥

भा० टी०–युद्ध, राजदर्शन, घात, पाठ, हठ, वैद्यागमन, जल में तैरना, शत्रु उचाटन, सिंह-ऊँट-गदहा भैंस-बकरी मृगा-घोड़ा को घर में लाने पर और स्त्री सेवा, ऋतु स्नान, और गाड़ी चलाना ये सब कार्य भद्रा म करने से सुख होता है ॥ ७१ ॥

नामपदचमानुसारेण नक्षत्र चरणाः (मु० ग०)-

अश्विनी तु चू चे चो ला, ली लू ले लो भरण्यपि।
कृत्तिका स्याद् अ ई उ ए, रोहिण्यो वा वी वू स्मृता ॥७२॥
वे वो का की मृगश्चार्द्रा, कू घ ङ छाः प्रकीर्तिताः।
के को हा ही पुनर्भस्यात्, हु हे हो डा च पुष्यभम् ॥ ७३ ॥
आश्लेषा तु डी डू डे डो, मा मी मू मे मघाह्वयम्।
मो टा टी टू तु पूर्वाख्या, टे टो पा पी च उत्तरा ॥ ७४ ॥
प्रोक्तः पू ष ण ठो हस्तः, पे पो रा री तु चित्रका।

यदि नाम्नि भवेद्वर्णः संयुक्ताक्षर लक्षणः।
ग्राह्यस्तदादिमोवर्ण इत्युक्तं ब्रह्मयामले ॥ ८० ॥

भा० टी०— नाम के आदि में संयुक्ताक्षर हो तो संयुक्त अक्षर जानने के लिये प्रथम अक्षर का ग्रहण करे (जैसे श्रीधर में शी, प्रद्युम्न में प, ज्ञाननाथ में ग, क्षत्रियनाथ में क इत्यादि) ॥ ८० ॥

अनुक्तत्वा ऋकारस्य रेफोग्राह्यो विचक्षणैः।
ऋद्धिदेवस्य नक्षत्रं यथा त्वाष्ट्रं भवेत् किल ॥ ८१ ॥

भा० टी०—शतपद चक्र में ऋकार नहीं कहा है अतः ऋकार के जगह रेफ का ग्रहण करे। जैसे ऋद्धिनाथ नाम का नक्षत्र चित्रा है ॥ ८१ ॥

अ आ इ ई उ ऊ ए ऐ ओ औ दो द्वौ मिथःसमौ।
ब वौ श सौ ख षौ चैव ज्ञेयौ दैव विदा समौ ॥ ८२ ॥

भा० टी०—शतपद चक्र में अकार आकार समान है, इकार ईकार समान हैं, उकार ऊकार बराबर हैं, एकार ऐकार तुल्य है, ओकार औकार सदृश है, बकार वकार सदृश है, शकार सकार समान है, खकार षकार समान है ॥ ८२ ॥

राशिनिर्णयः (मदीयपद्यम्)-

खरास्त्रैर्विकलाभिस्तु कलासंज्ञा प्रकीर्तिता।
षष्ट्या कलाभिरंशैक स्तत् त्रिंशैराशि रुच्यते ॥ ८३ ॥

भा० टी०-६० विकला का १ कला, ६० कला का १ अंश, ३० अंश की १ राशि होती है, (एक राशि में १०८००० विकला १८०० कला होते हैं, १ राशि मे ६ चरण होते हैं अतः प्रत्येक चरण २०० कला का होता है) ॥८३॥

राशिविभागः (मु० ग०)—

अश्विनी भरणी सर्वा कृत्तिका प्रथमाङ्घ्रिकम्।
मेषः स्यात् कृत्तिकापाद त्रितयं रोहिणी तथा ॥ ८४ ॥
वृषभो मृगपूर्वार्धं तदन्त्यार्धं तथार्द्रभम्।
पादत्रयं पुनर्वस्वो सराशिर्मिथुनाभिधः ॥ ८५ ॥
तदन्त्यांघ्रि स्तथा पुष्यः श्लेषान्त्याकर्कटाभिधः।

रु रे रो ता तथा स्वाती, ती तू ते तो विशाखिका ॥ ७५ ॥
अनुराधा ना नी नू ने, ज्येष्ठा नो या यि यू मता ।
तथा ये यो भा भी मूलं, पूर्वाषाढा भू धा फा ढा ॥ ७६ ॥
भे भो जाज्युत्तराषाढा, जू जे जो खा तथाभिजित् ।
खी खू खे खो श्रवो ज्ञेयो, गा गी गू गे धनिष्ठिका ॥ ७७ ॥
गो सा सी सू शताख्यं तु, पू भा से सो द दी मता ।
उभा दू थ झ ञ ज्ञेया, दे दो चा ची तु रेवती ॥ ७८ ॥

इन श्लोकों का भावार्थ निम्नलिखित चक्र से जानें ।

अ०	भ०	कृ०	रो०	मृ०	आ०	पु०	पु०	श्ले०	म०	पू०	उ०	ह०	चि
चू	ली	अ	ओ	वे	कु	के	हु	डी	मा	मो	टे	पू	पे
चे	लू	ई.	वा	वो	घ	को	हे	डू	मी	टा	टो	ष	पो
चो	ले	उ	वी	का	ङ	हा	हो	डे	मू	टी	पा	ण	रा
ला	लो	ए	वू	की	छ	ही	डा	डो	मे	टू	पी	ठ	री

स्वा०	वि०	अ०	ज्ये०	मू०	पू०	उ०	अ०	श्र०	ध०	श.	पू०	उ०	रे०
रू	ती	ना	नो	ये	भू	भे	जू	खी	गा	गो	से	दू	दे
रे	तू	नी	या	यो	धा	भो	जे	खू	गी	सा	सो	थ	दो
रो	ते	नू	यी	भा	फा	जा	जो	खे	गू	सी	दा	झ	चा
ता	तो	ने	यू	भी	ढा	जी	खा	खो	गे	सू	दी	ञ	ची

नामकरणप्रकारः (नक्षत्रे)-

न प्रोक्ता ङ ञ णा वर्णाः नामादौ सन्ति नैव हि ।
चेद् भवन्ति तदा ज्ञेया गजडास्ते यथाक्रमम् ॥ ७९ ॥

भा० टी०-जिस नक्षत्र के जिस चरण में जन्म हो वही वर्ण मनुष्य के नाम के आदि में होना चाहिये, नाम के आदि में ङ, ञ, ण नहीं हो सकते हैं अतः इन के यदि पहले चरण में जन्म हो तो उनके स्थान पर ग, ज, ड क्रमशः करके नाम धरे ॥ ७९ ॥

मघापूर्वोत्तराद्याङ्घ्रि सिंहस्तच्चरणत्रयम् ॥ ८६ ॥
हस्तश्चित्रार्धं पूर्वार्धं कन्याचित्रोत्तरं दलम् ।
स्वातिभं च विशाखाद्य चरणत्रितयं तुला ॥ ८७ ॥
तदन्त्याङ्घ्र्यनुराधाख्ये ज्येष्ठभं वृश्चिकस्मृतः ।
मूलं पूर्वोत्तराषाढा प्रागङ्घ्रि कथितो धनुः ॥ ८८ ॥
उत्तराङ्घ्रित्रयंकरणो धनिष्ठा प्रथमंदलम् ।
मकराख्यो धनिष्ठान्त्यं दलं च शततारका ॥ ८९ ॥
पूभा पादत्रयं कुम्भः तदन्त्यश्चरणस्तथा ।
उभा च रेवती चैव मीनराशिः प्रकीर्तिता ॥ ९० ॥

भा० टी०–अश्विनी भरणी संपूर्ण कृत्तिका एक चरण इन नव चरण से मे
राशि हुई, कृत्तिका के दूसरे चरण से लेकर ३ चरण रोहिणी संपूर्ण औ
मृगशिरा के पूर्व का दो चरण मिलकर वृष राशि हुई, मृगशिरा के आगे
बाद दो चरण आर्द्रा सम्पूर्ण पुनर्वसु के ३ चरण से मिथुन राशि हुई, पुनर्वसु
अन्त्य का १ चरण और पुष्य तथा श्लेषा संपूर्ण मिलकर कर्कराशि हुई। म
पूर्वा फाल्गुनी संपूर्ण उत्तरा फाल्गुनी का पहला चरण मिलकर सिंहराशि हु
उत्तराफाल्गुनीके तीन चरण हस्त सम्पूर्ण चित्राके पूर्व का दो चरण मिलकर कन्
राशि हुई, चित्रा का उत्तरार्ध स्वाती संपूर्ण विशाखा के आरंभ से ३ चरणं मि
कर तुलाराशि हुई, विशाखा के अन्त का १ चरण अनुराधा और ज्येष्ठा संपू
मिलकर वृश्चिक राशि हुई। मूल पूर्वाषाढ संपूर्ण उत्तराषाढ़का पहला चरण मिल
कर धन राशि हुई, उत्तराषाढ़ का ३ चरण श्रवण सम्पूर्ण धनिष्ठा के
आरंभ से २ चरण मिलने से मकर राशि हुई, धनिष्ठा का शेष दो चरण शत
भिष सम्पूर्ण पूर्वभाद्रपदका ३ चरण मिलनेसे कुम्भराशि हुई, पूर्व भाद्रपदके अन्त्यका
१ चरण उत्तराभाद्र पद और रेवती के संपूर्ण चरण मिलने से मीन राशि होती
है। इन राशियों पर सूर्यादिग्रह रहते हैं नव चरण में ग्रहों के ३० अंश व्यतीत
होते हैं प्रत्येक चरण में ३ अंश २० कला बीतता है ॥ ८४-९० ॥

राशयः (मु० ग०)–

मेषो वृषोऽथ मिथुनः कर्कटः सिंहकन्यका ।

तुला च वृश्चिको चापः मकरः कुम्भमीनकौ ॥ ६१ ॥
राशयस्तु क्रमादेते पुंस्त्रियौ क्रूर सौम्यकौ ।
ज्ञेयश्चरःस्थिरश्चैव द्विस्वभावः क्रमात्पुनः ॥ ६२ ॥

भा० टी०—मेष १, वृष २, मिथुन ३, कर्क ४, सिंह ५, कन्या ६, तुला ७, वृश्चिक ८, धन ९, मकर १०, कुम्भ ११, मीन ये १२ राशि हैं इनमें एक पुरुष, एक स्त्री इस क्रमसे सब हैं और १ क्रूर, १ सौम्य इस प्रकार सब है (विषमराशि सब पुरुष तथा क्रूर संज्ञक हैं और स्त्री राशि सौम्य सब हैं । मेषादि राशि का चर * स्थिरद्विस्वभाव संज्ञा है ॥ ६१।६२ ॥

राशीशनिर्णयः (नंमद नर्मदस्ये)—

सिंहादिषट्कस्य पति र्दिनेशः कर्कादि षट्कस्यपति र्निशेशः ।
ताभ्यां प्रदत्तं च कुजादिकेभ्यः एकैकमस्यादि ग्रहाधिपास्ते ॥६३॥

मेषादिराशियों में से सिंहादि छः राशि के स्वामी सूर्य और कर्कादि पृष्ट भाग के छ राशिके मालिक चन्द्रमा हैं मंगलादि मद सूर्य चन्द्रमा से एकदौना है उन दोनों ग्रहों ने एक एक गृह सब ग्रहों को दिया है इसीसे कुमारादिकों के दो दो गृह होगया है ॥ ६३ ॥

राशीशाः (नारदः)—

सिंहस्याधिपति र्भानुश्चन्द्रः कर्कटकेश्वरः ।
मेषवृश्चिकयोर्भौमः कन्यामिथुनयोर्बुधः ॥ ६४ ॥
धनुर्मीनयोर्देवेज्यः शुक्रोवृषतुलेश्वरः ।
शनिर्मकर कुम्भेश इत्येते राशि नायकाः ॥ ६५ ॥

---

*-चन्द्रमा की चर राशि स्थिर है, मंगल शुक्र शनि की एक राशि चर एक स्थिर है, परन्तु बुध गुरुकी दो राशि द्विस्वभाव है द्विस्वभाव होने का कारण यह है कि "पीयूष पाने हि जनार्दनेन छिन्नो हतो राहु [illegible] यदा । तदा [illegible] [illegible] तो लोकिनो हाथ [illegible] का समुद्र से निकले हुए अमृत के बाँटने के समय जब राहु को नारायण ने दो टुकड़ा किया तब से वह दो रूप होकर राहु केतु नाम से विख्यात हुआ । उन दोनों का हाथ के [illegible] बृहस्पति तथा बुध अपने हाथ से प्रसन्न किये, अतः राहु का कन्या एवं मिथुन तथा केतु का [illegible] धन उच्च हुआ ।

भा० टी०—सिंहका स्वामी सूर्य, कर्कका चन्द्रमा, मेप वृश्चिकका मंगल, मिथुन कन्या का बुध, धनमीन का गुरु, वृप तुलाका शुक्र और मकर कुम्भ का पति शनि है इस प्रकार राशि का स्वामी जाने ॥ ६४–६५ ॥

मे०	वृ०	मि०	क०	सिं०	क०	तु०	वृ०	ध०	म०	कु	मी०	राशि
पुरुष	स्त्री	पुरु०	स्त्री	पुरु०	स्त्री०	पुरु०	स्त्री०	पुरु०	स्त्री०	पुरु	स्त्री	पु०स्त्री० संज्ञा
क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य	क्रू	सौम्य	क्रूरसौ०
चर	स्थिर	द्वि०	च०	स्थिर	द्वि०	च०	स्थिर	द्वि०	च०	स्थि	द्वि०	चरादि संज्ञा
मं०	शु०	बु०	चं०	सू०	बु०	शु०	मं०	वृ०	श०	श	वृ०	राशीश

चन्द्र राशि विचारमाह (संग्रह सर्वस्वे)—

आद्यश्चन्द्रः श्रियं कुर्यान्मनस्तोषंद्वितीयके ।
तृतीये धन सम्पत्तिं चतुर्थेकलहागमम् ॥ ९६ ॥
पंचमे ज्ञानवृद्धिं च षष्ठे सम्पत्तिमुत्तमाम ।
सप्तमे राजसम्मान मष्टमे प्राणसंशयः ॥ ९७ ॥
नवमे धर्मलाभं च दशमे मानसेप्सितम् ।
एकादशे सर्वलाभं द्वादशे हानि मेव च ॥ ९८ ॥
स्वीयराशौ स्वोचराशौ श्रेष्ठं चन्द्रबलं तथा ।
कृष्ण पक्षे द्वितीयस्तु पंचमे नवमेऽशुभः ॥ ९९ ॥

भा० टी०—जन्म राशि का चन्द्रमा लक्ष्मी को देती है, द्वितीय राशिका संतोष, तृतीय राशि का धन संचि, चतुर्थ राशिका कलह, पंचम राशिका ज्ञान को वृद्धि, षष्ठराशिका उत्तम संपति, सप्तमराशिका राज सम्मान, अष्टम राशि का प्राण नाशक, नवम राशिका धर्म लाभ दशम राशिका मनोरथ सिद्धि, एकादश राशिका सर्व प्रकार का लाभ, और बारहवीं* राशिका चन्द्रमा हानि करता है। अपनी राशि ४ का अपनी उच्च राशि २ का चंद्रमा पला और शुभ देने वाला है, कृष्ण पक्षमें २।५।९ का चन्द्रमा अशुभ होता है ॥ ९६–९९ ॥

*—मतिरेकं निषेकं च आशनं प्रतवन्धने। पाणिग्रहे प्रयाणे च चन्द्रोद्वादशगःशुभः॥

जन्मर्क्षे चन्द्रे विशेषः (मदीय पद्यम्)—

सर्व कर्मसु जन्मर्क्षे स्थितः चन्द्रः शुभप्रदः ।
पथे चौरे च भैषज्ये संग्रामे वर्जयेत्सदा ॥ १०० ॥

जन्म नक्षत्र का चन्द्रमा सब कार्य में शुभ देने वाला है परन्तु यात्रा, चौर औषध सेवन, संग्राम में वर्जित है ॥ १०० ॥

चन्द्रवासः (संग्रहे)—

मेषे च सिंहे धन पूर्वभागे वृषेतुलायां मकरे च याम्ये ।
कुम्भे तुलायां मिथुने प्रतीच्यां कर्कालिमीने दिशिचोत्तरायाम्

भा० टी०—मेष सिंह धन राशिका चन्द्रमा पूर्व, वृष कन्या मकर का दक्षिण, मिथुन तुला कुम्भका पश्चिम, और कर्क वृश्चिक मीन का उत्तर रहता है (ये लग्न भी इस प्रकार चारों दिशामें रहती है) ॥ १०१ ॥

चन्द्रवर्णं तत्फलं च (संग्रह सर्वत्रये)—

रक्तो मेषसिंहेऽरुणो युद्धकारी
सितो गो वणिक् कर्कटेषु सिद्धये ।
धनुर्मीनयुग्मेषु पीतः शशी श्रीः
मृगः स्त्री घटाख्येषु कृष्णो भयञ्च ॥ १०२ ॥

भा० टी०—मेष, सिंह, वृश्चिक राशिका चन्द्र लाल रंगका युद्ध करने वाला है। वृष, कर्क, तुलाका सफेद कार्य सिद्धि करने वाला है। मिथुन, धन, मीनका पीला लक्ष्मी देने वाला होता है। कन्या, मकर, कुम्भ का काला रंगका भय देने वाला है ॥ १०२ ॥

चन्द्र निवास लोक निर्णयः तत्फलञ्च (सं० प्र०)—

तिथिं पञ्चगुणी कृत्वा एकेन च समन्वितम्
त्रिभिश्चैव हरेद्भागं शेषे चन्द्रं विचारयेत् ॥ १०३ ॥
एकेन वसते स्वर्गे द्विके पातालमेव च ।
तृतीये वसते मर्त्ये सर्व कर्माणि कारयेत् ॥ १०४ ॥
पातालस्थो यदा चन्द्रः षट् कर्माणि विवर्जयेत् ।
गृह होम कृषी यात्रा तडागे कूप कर्मणि ॥ १०५ ॥

भा० टी०—तिथि को ५ से गुणा कर उसमें १ और भी मिला दे ३ का भाग देने से १ शेष बचे तो स्वर्ग में, २ शेष में पाताल में, ३ शेष में मर्त्यलोक में चन्द्रमा रहता है १ । ४ । ७ । १० । १३ तिथियों में मर्त्यलोक में, २ । ५ । ८ । ११ । १४ तिथियों में पाताल में ३ । ६ । ९ । १२ । १५ तिथियों में स्वर्गलोक में चन्द्रमा का वास रहता है) पाताल चन्द्र रहने पर गृह, वन, खेत का जोतना, बोना, यात्रा, तालाव, कूप का खनना ये छः कर्म त्याग हैं ॥ १०३-१०४-१०५ ॥

घातचन्द्रनिर्णयः (संग्र० सर्व०)–

मेष कन्या घटहरि नक्रयुग्म धनुर्वृषाः ।
मीनसिंह धनुःकुंभा घातचन्द्रा अजादितः ॥ १०६ ॥

भा० टी०—मेष आदि राशिवालों को क्रम से १।६।११।५।१०।३।६।२। १२।५।६। इन राशियों पर चन्द्रमा रहने पर घातचन्द्र होते हैं ॥ १०६ ॥

कृष्णपक्षेताराबलवती (रत्नमा०)–

न खलु बहुल पक्षे शीतरश्मेःप्रभावः
कथितमिहाहि तारा वीर्यमार्ये प्रधानम् ।
अतिविकल शरीरे प्रेयसि प्रोषिते वा
प्रभवति खलुकर्तुं सर्वकार्याणि योषा ॥ १०७ ॥

भा० टी०—कृष्णपक्ष में चन्द्रमा का प्रभाव नहीं होता है, इसमें ताराबल की प्रधानता विद्वानों ने कही है । जैसे पुरुष की विकलता में या अनुपस्थिति में गृह का सर्वकार्य का विचार व्यवहार स्त्री के ही द्वारा होता है ॥ १०७ ॥

ताराज्ञानं दुष्ट तारा तत्परिहारं च (मु०मञ्जी०)–

अथोजन्म सम्पद्विपत् क्षेम सञ्ज्ञा ।
अरिसाधिका मृत्यु मैत्रातिमैत्र्याः ।
जनुर्भाद् त्रिरावर्त्य ताराश्चस्त्र
त्रिपञ्चप्रशस्ता न मध्यादिमास्यात् ॥ १०८ ॥
त्रिकोणोच सन्मित्र वर्गेस्ववर्गे
विधौशोभने दुष्ट ताराप्रिशस्ता ।

तृतीयेस्त्रिज्ञाःपर्ययेताः शुभा
नो द्वितीये क्रमादाद्यतूर्यत्रिभागे ॥ १०६ ॥

भा०टी०—मनुष्य के जन्म के नक्षत्र से दिन के नक्षत्र तक तीन चार तारा गिने तो जन्म, संपत, विपद्, क्षेम, प्रत्यरि, साधिका, मृत्यु, मैत्र, अतिमैत्र संज्ञावाली होती है। तिसमें ३रा, ५वां, ७वां प्रथमा तथा द्वितीयावृत्ति की अच्छी नहीं है, तृतीयावृत्ति की अच्छी है द्वितीयावृत्ति में भी तृतीय का पहला चरण, पंचम का चौथा चरण, सप्तम का तीसरा चरण अनिष्ट है, त्रिकोण (५।९) में उच्चराशि मित्र वर्ग स्ववर्ग में चन्द्रमा के होने से दुष्ट तारा भी शुभ होती है ॥१०८॥१०९॥

दुष्ट तारादानं।

तिलानां सुवर्णस्य दानं मृतौ स्यादथो प्रत्यरौ क्षारदानं विदध्यात्।
त्रिजन्माख्यतारासुशाकं प्रदद्याद्विपत्तौ गुडं शान्तये दानमाहुः ॥

भा० टी०—मृत्यु तारा में तिल सुवर्ण का दान, प्रत्यरि तारा में लवण का दान, तृतीय विपद् तारा में और जन्म*तारामें शाक और गुड का दान शान्ति के निमित्त करके कार्य करे ॥ ११० ॥

आनन्दादि योगाः (मु० चि०)।

आनन्दाख्यः कालदण्डश्च धूम्रो
धाता सौम्यो ध्वांक्षकेतुक्रमेण।
श्रीवत्साख्यो वज्रकं मुद्गरं च
छत्रं मित्रं मानसं पद्मलुम्बौ ॥ १११ ॥
उत्पातमृत्यू किल काण सिद्धी
शुभोऽमृताख्यो मुसलं गदश्च।
मातङ्गरक्षश्चरसुस्थिराख्यः—
प्रवर्धमानाः फलदाः स्वनाम्ना ॥ ११२ ॥

भा० टी०—आनंद १, कालदंड २, धूम्र ३, धाता ४, सौम्य ५, ध्वांक्ष ६ केतु ७, श्रीवत्स ८, वज्र ९, मुद्गर १०, छत्र ११, मित्र १२, मानस १३ पद्म १४, लुम्ब १५, उत्पात १६, मृत्यु १७, काण १८, सिद्धि १९, शुभ

* जिन कार्यों में जन्मनक्षत्र त्याग है उनमें केवल [illegible]

अमृत २१, मुसल २२, गद २३, मातंग २४, रत्न २५, चर २६, सुस्थिर २७, प्रवर्धमान २८ ये अट्ठाइस योग अपनेर नामके सदृश फल देते हैं॥१११॥११२॥

आनन्दादियोग प्रकारः (मु० चि०)-

दास्रादर्के मृगादिन्दौ सार्पाद् भौमे कराद् बुधे।
मैत्राद् गुरौ भृगौ वैश्वाद् गएया मन्दे च वारुणात् ॥११३॥

भा० टी०—सूर्यवार को अश्विनी से, सोमवार को मृगशिरा से मंगल को श्लेषा से, बुध को हस्त से, बृहस्पति को अनुराधा से, शुक्रवार को उत्तराषाढ़ से और शनैश्चर को शतभिषा से दिन नक्षत्र को गिनें, गिनने पर जो संख्या होवे उतने संख्यावाला उस दिन आनंदादि योगों में योग होता है। जैसे कि सोमवार के पुष्य नक्षत्र है तो मृगशिरा से गिनने पर पुष्य चार हुआ अतः उस दिन धाता योग हुआ इसी प्रकार सब जाने ॥ ११३ ॥

आनन्दादि	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	फला
आनन्द	अ.	मृग	श्ले.	हस्त	अनु.	उ. षा.	श.	सिद्धि
कालदंड	भ	आर्द्रा	म.	चि.	ज्ये.	अभि.	पू. भा.	मृत्यु
धूम्र	कृ.	पुन	पू. फा.	स्वा	मू.	श्र.	उ. भा.	अस
धाता	रो	पुष्य	उ. फा.	वि.	पू. षा.	ध.	रे.	सौभा
सौम्य	मृ.	श्ले.	ह.	अनु	उ. षा.	श.	अश्वि	अतिसु
ध्वांक्ष	आ	म.	चि	ज्ये.	अभि.	पू. भा.	भ.	अरि
केतु	पुन	पू. फा	स्वा	मू.	श्र.	उ. भा.	कृ.	सौभा
श्रीवत्स	पुष्य	उ.फा	वि.	पू. षा.	ध.	रे.	रो.	सुभ
वज्र	श्ले	ह.	अनु	उ. षा	श.	अश्वि	मृ.	बल
मुद्गर	म	चि.	ज्ये	अभि.	पू. भा.	भ.	आ.	धा
छत्र	पू.	स्वा	मू	श्र.	उ. भा.	कृ.	पुन.	रहि
मित्र	उ.	वि	पू. षा	ध.	रे.	रो.	पुष्य	सौख
मानस	ह.	अनु	उ.षा.	श	अश्वि	मृ.	श्ले	धनप

पद्म	चि	ज्ये.	अभि.	पू. भा	भ.	आर्द्रा	म.	शुभकर्म
लुम्ब	स्वा.	मू.	श्र.	उ भा.	कृ.	पुन	पू. फा.	धनहानि
उत्पात	वि	पू. षा	ध.	रे.	रो	पुष्य	उ फा	प्राणहा०
मृत्यु	अ.	उ. षा.	श.	अश्वि-	मृ.	श्ले	ह.	मृत्यु
काण	ज्ये.	अभि.	पू. भा.	भ.	आ.	म.	चि.	धनहानि
सिद्धि	मू.	श्र	उ. भा.	कृ	पुन	पू. फा	स्वा	मनो पूर्ण
शुभ	पू.	ध.	रे.	रो.	पुष्य	उ. फा.	वि.	सर्व सौ०
अमृत	उ	श.	अश्वि	मृ.	श्ले.	ह.	अनु	राज स०
मुशल	अ.	पू.	भ.	आर्द्रा	म.	चि.	ज्ये.	मानहानि
गद	श्र	उ.	कृ.	पुन	पू. फा	स्वा.	मू.	रोग
मातंग	ध.	रे.	रो	पुष्य	उ. फा	वि.	पू. षा.	वाहन
रक्ष	श.	अश्वि.	मृ.	श्ले.	ह.	अनु.	उ. षा.	अशुभ
चर	पू.	भ.	आर्द्रा	म.	चि.	ज्ये.	अभि.	कार्यसि०
सुस्थिर	उ.	कृ.	पुन	पू. फा	स्वा.	मू.	श्र.	गृहलाभ
प्रवर्धमान	रे.	रो.	पुष्य	उ फा.	वि.	पू. षा.	ध.	वृद्धि

दुष्टयोगेषु त्याज्य घट्यः (मु० चि०)–

ध्वांक्षे वज्रे मुद्गरे चेषु नाड्यो वर्ज्याः वेदाः पद्मलुम्बे गदेऽश्वाः ।
धूम्रे काणे मौसले भूर्द्वयं द्वे रक्षो मृत्यूत्पातकालाश्च सर्वे ॥११४॥

भा० टी०–ध्वांक्ष, वज्र, मुद्गर योग में ५ दंड, पद्म, लुम्ब योग में ४ घड़ी, गद में ७ दंड, धूम्र में १ दंड, काण,' मुसल में २ घड़ी और मृत्यु, उत्पात कालयोग का कुल घड़ी सम्पूर्ण शुभ कार्यों में त्याज्य है ॥ ११४ ॥

सूर्य नक्षत्रवशात्दुष्टयोगाः (मु० चि०)–

सूर्यभाद् वेद गोतर्क दिग्विश्व नख सम्मिते ।
चन्द्रर्क्षे रवियोगाः स्युर्दोषसंघविनाशकाः ॥ ११५ ॥

भा० टी०-सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनने पर जो ४, ६, ६, १०, १३, २० संख्या हो तो समस्त दोषों के समूहों के विनाश करनेवाला रवियोग होता है ॥ ११५ ॥

सर्वार्थ सिद्धियोगाः (मु० चि०)-

सूर्येऽर्कमूलोत्तरपुष्यदास्रं, चन्द्रे श्रुतिब्राह्मशशीज्यमैत्रे ।
भौमेऽश्व्यहिर्बुध्न्यकृशानुसार्पं, ज्ञेब्राह्ममैत्रार्ककृशानुचान्द्रम् ॥
जीवेऽन्त्यमैत्राश्व्यदितीज्यधिष्ण्यं
शुक्रेऽन्त्यमैत्राश्व्यदितिश्रवोभम् ।
शनौ श्रुतिब्राह्मसमीरभानि
सर्वार्थसिद्ध्यै कथितानि पूर्वैः ॥ ११७ ॥

भा० टी०-रविवार को हस्त, मूल, उत्तरा ३, पुष्य, अश्विनी । सोमवार को श्रवण, रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, अनुराधा । मंगल को अश्विनी, उत्तरा फा०, कृत्तिका, श्लेषा । बुध को रोहिणी, अनु०, हस्त, कृत्ति०, मृगशिरा । बृहस्पतिको रेवती, अनुराधा, अश्विनी, पुनर्वसु, पुष्य । शुक्र को रेवती, अनुराधा, अश्विनी, पुन०, श्रव० और शनिवार को श्रवण, रोहिणी स्वाती नक्षत्र हो तो पूर्वाचार्यों ने सर्वार्थसिद्धियोग कहा है ॥ ११६ ॥ ११७ ॥

अमृतसिद्धियोगः (रत्नमालायाम्)-

हस्तो रवौ शशधरे च मृगोत्तमर्क्षं
भौमेऽश्विनी बुधदिने च तथानुराधा ।
तिष्यो गुरौ भृगुसुतेऽपि च पौष्णधिष्ण्यं
रोहिण्यथार्कतनयेऽमृतसिद्धियोगाः ॥ ११८ ॥

भा० टी०-सूर्यवार को हस्त, सोमवार को मृगशिरा, मंगल को अश्विनी, बुधवार को अनुराधा, गुरुवार को पुष्य, शुक्रवार को रेवती, और शनिवार को रोहिणी नक्षत्र हो तो अमृतसिद्धियोग होता है ॥ ११८ ॥

यमघंट योगः (संग्रहग्रंथे)-

मघा विशाखा चार्द्रातु मूलाग्नि रोहिणी करः ।
भवन्त्यर्कादिवारेषु यमघण्टो भवेत्तदा ॥ ११६ ॥

भा० टी०–सूर्य्यादि वारों में क्रमसे मघा, विशाखा, आर्द्रा, मूल, कृत्तिका, रोहिणी और हस्त नक्षत्र हो तो यमघंटयोग होता है ॥ ११९ ॥

दग्धयोगः (नारदे)–

यमर्क्षमर्कवारेऽब्जे चित्राभौमे तु विश्वभम् ।
बुधेश्रविष्टार्यम्णार्क्षं गुरोर्ज्येष्ठा भृगोर्दिने ॥ १२० ॥
रेवती शनिवारे तु दग्धयोगा भवन्तमी ।

भा० टी०–रविवार के भरणी, सोमवार के चित्रा, मंगलवार के उत्तराषाढ़, बुधके धनिष्ठा, गुरुवार के उत्तराफाल्गुनि, शुक्रवार के ज्येष्ठा और शनिवार के रेवती हो तो दग्धयोग होता है। इसमें यात्रा और विवाह करने से अशुभ होता है ॥ १२० ॥

सू०	चं०	मं०	बु०	बृ०	शु०	श०	वारादि
अश्विनी पुष्य उ०३ह० मू० ७	रो०मृ० पुष्य अनु० श्र० ५	अश्वि० कृ०३ले० उ०फा० ४	कृ०रो० मृ०ह० अनु० ५	अश्वि० पु०पुष्य अनु० रे० ५	अश्वि० पु० श्र०अ० रे० ५	रो० स्वा० श्र० ३	सर्वार्थसिद्धियोग
ह०	मृ०	अ०	अनु०	पु०	रे०	रो०	अमृत सिद्धियोग
म०	वि०	आ०	मू०	कृ०	रो०	ह०	यमघंट योग
भ०	चि०	उ०षा०	ध०	उ० फा०	ज्ये०	रे०	दग्धयोग
पू०षा०	धा०	वि०	रो०	पु०	श०	मू०	चर योग
म० ध०	वि० मृ०	आ० ह०	पू०षा० पु०	उ०षा० कृ०	रो० अ०	अ० ध०	यमदंष्ट्र योग

हुताशनादियोगः (मु० ग०)–

द्वादश्यर्के विषो षष्ठी भौमे सप्ताष्टमी बुधे ।
दश शुक्रे शनौ रुद्रा गुरौ नव हुताशनः ॥ १२१ ॥
द्वादश्यर्के विषो रुद्रा भौमे पञ्च बुधेग्नयः ।
गुरौ षष्ठयष्टमी शुक्रे दग्धाख्यो नवमी शनौ ॥ १२२ ॥

चतुर्थेर्के विधौ षष्ठी द्वितीयाज्ञेष्टमी गुरौ ।
नवशुक्रे विषाख्या च सप्तमी कुजमन्दयोः ॥ १२३ ॥
शनौषष्ठी भृगौ सप्ताष्टमीजीवे बुधे नव ।
कुजे दश विधौ रुद्राः क्रकचो द्वादशी रवौ ॥ १२४ ॥
प्रतिपद् ज्ञेरवौ सप्त संवर्तोयोग ईरितः ।
दग्धादींस्तिथिवारोत्थांस्त्यजेद्योगान् शुभे सदा ॥ १२५ ॥

इन श्लोकों का अर्थ चक्र से स्पष्ट ज्ञात होगा ।

सू०	चं०	मं०	बु०	बृ०	शु०	श०	वारादि
१३	६	७	८	९	१०	११	हुताशन योग
१२	११	५	३	६	८	९	दग्ध योग
४	६	७	२	८	९	७	विषाख्य योग
१२	११	१०	९	८	७	६	क्रकच योग
७	०	०	१	०	०	०	संवर्ताख्य योग
नन्दा	भद्रा	नन्दा	जया	रिक्ता	भद्रा	पूर्णा	मृत्युयोग
०	०	जया	भद्रा	पूर्णा	नन्दा	रिक्ता	सिद्धियोग

कुलिकादि मुहूर्तः (मु० चि०)-

कुलिकः कालवेला च यमघण्टश्च कण्टकः ।
वाराद्द्विघ्ने क्रमान्मन्दे बुधे जीवेकुजेक्षणः ॥ १२६ ॥

भा० टी०-कुलिक मुहूर्त * जानने के लिये वर्तमान वारसे शनिवार तक गिनकर दूना करने पर होता है, वर्तमान वारसे बुधवार की जो संख्या हो उसे दूना करने से कालवेला, गुरुकी संख्या को दूना करने से यमघंट और भौम की संख्या को दूना करने से कंटक मुहूर्त होता है ॥ १२३ ॥

* मन्दक दशनागन्तु वेद नेत्रमिताः क्रमात् कुलिकाख्ये त्वेशांसान्वमतः कण्टकं बुधात् । गुरोश्चै कालवेलाख्याः शुक्रान्ते यमघंटकाः । त्यजेदेतान् शुभे कार्ये निशि दंडान् मुहूर्तकान् ।

वारवेला (मु० ग०)-

अर्धयामाः परित्याज्या वेदसप्तद्विपञ्चमाः ।
अष्टत्रिषट्संख्याकाः क्रमतो रविवासरात् ॥ १२७ ॥

भा० टी०-रविवार के चौथे सोम के ७ वें मंगल के २ रे बुध के ५ वें गुरुवार के ८ वें शुक्रवार के ३ रे शनिवार के ६ ठे पहर का आधा पहर वारवेला अर्धयाम होता है यह शुभ कार्य में त्याग है ॥ १२७ ॥

सू०	चं०	मं०	बु०	गु०	शु०	श०	वारादि
१४	१२	१०	८	६	४	२	कुलिक
८	६	४	२	१४	१२	१०	कालवेला
१०	८	६	४	२	१४	१२	यमघंट
६	४	२	१४	१२	१०	८	कंटक
४	७	२	५	८	३	६	वारवेला

शून्य तिथयः (मु० ग०)-

चैत्राष्टमी नवम्यौ च वैशाखे द्वादशी तिथिः ।
श्रावणे द्वि तृतीये च भाद्रे भू नेत्र सम्मिते ॥१२८
दशम्येकादशी त्वीपे सप्तम्यष्टौ च मार्गके ।
चतुर्थी पंचमी पौषे शून्यास्ताः पच [illegible]
कार्तिके पञ्चमीकृष्णा तथा शुक्ला [illegible]
आपाढ़े बहुला पष्ठी शुक्लपक्षे तु [illegible]
चतुर्थी फाल्गुने कृष्णा शुक्ल [illegible]
ज्येष्ठे चतुर्दशीकृष्णा शुक्ले [illegible]
कृष्णा तु पञ्चमी माघे [illegible]

भा० टी०-चैत्र की ८ । ९, [illegible]
पद की १ । २, आश्विन की [illegible]

चतुर्थी पंचमी शून्य है, कार्तिक के कृष्ण पक्ष की पंचमी शुक्लपक्ष की चतुर्दशी, आषाढ के कृष्णपक्ष की षष्ठी शुक्ल पक्ष की सप्तमी, फाल्गुन के कृष्णपक्ष की चतुर्थी शुक्लपक्ष की तृतीया, ज्येष्ठ के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी शुक्लपक्ष की त्रयोदशी, माघके कृष्णपक्ष की पंचमी, शुक्लपक्ष की षष्ठी ए तिथियां दोनों पक्षकी शून्य हैं ॥ १२८-१३१ ॥

शून्य नक्षत्राणि (मु० ग०)-

अश्विनी रोहिणी चैत्रे चित्रा स्वाती च माधवे ।
ज्येष्ठे पुष्योत्तरापाढे धनिष्ठा योनिभे शुचौ ॥ १३२ ॥
श्रावणे श्रवणोपाख्या पूर्वाभाद्र पदाश्विने ।
रेवती शतभं भाद्रे कार्तिके कृत्तिका मघा ॥ १३३ ॥
मार्गे चित्रा विशाखा च पौषे त्वार्द्राश्विनी कराः ।
फाल्गुने भरणी ज्येष्ठा माघे मूलं श्रवस्तथा ॥ १३४ ॥
एतानि मास शून्यानि भानि प्रोक्तानि कोविदैः ।

इन श्लोकोंकाभावार्थस्पष्टार्थ है ॥ १३२ ॥ १३३ ॥ १३४ ॥

चैत्रादिमासेषु शून्यराशयः (मु० चि०)-

घटो झषो गौर्मिथुनं मेष कन्यालितौलिनः ।
धनुः कर्को मृगः सिंहः चैत्रादौ शून्यराशयः ॥१३५ ॥

भा० टी०-चैत्रादि मासों में क्रमशः ११ । १२ । २ । ३ । १ । ६ । ८ । ७ । ९ । ४ । १० । ५ शून्य राशि है, अर्थात् चैत्र में कुंभ, वैशाख में मीन, ज्येष्ठ में वृष इत्यादि जाने ॥ १३५ ॥

विषम तिथि दग्ध लग्नानि (मु० चि०)-

पक्षादितस्त्वोजतिथौ घटेणौ मृगेन्द्रनक्रौ मिथुनाङ्गने च ।
चापेन्दुभे कर्कहरी हयान्त्यौ गोन्त्यौ च नेष्टे तिथिशून्यलग्ने ॥

भा०टी०-पक्षके आदि में विषम १ । ३ । ५ तिथियों में शून्य लग्न कहते हैं अर्थात् प्रतिपदा के तुला-मकर, तृतीया के सिंह-मकर, पंचमी के मिथुन-कन्या, सप्तमी के धन-कर्क, नवमी के कर्क सिंह, एकादशी के धन-मीन, त्रयोदशी के वृष मीन लग्न होता है यह शुभकार्य में वर्जित हैं १३६ ॥

शुभकृत्यावश्यके परिहारः-(मु० चि०)-

तिथयो मास शून्याश्च शून्य लग्नानि यान्यपि।
मध्यदेशे विवर्ज्यानि न दूष्याणि तरेषु तु ॥ १३७ ॥
पंग्वन्धकाण लग्नानि मास शून्याश्च राशयः।
गौडमालवयोस्त्याज्या अन्यदेशेन गर्हिताः ॥ १३८ ॥

भा० टी०-जो तिथि शून्य, मास शून्य, लग्न शून्य कहा है इनके निमित्त नारद कहते हैं ये मध्य देशमें वर्ज्य है अन्य देशो में इनका दोष नहीं है। पंगु-अंध-काणा-लग्न * और मास शून्य राशि शून्य गौडदेश, मालवदेश में वर्जित है, अन्य देशों में निन्द्य नहीं है ॥ १३७ ॥ १३८ ॥

अमृत,सिद्धियोगे कुयोग (रामः)-

वर्जयेत्सर्वकार्येषु हस्तार्कं पञ्चमी तिथौ।
भौमाश्विनी च सप्तम्यां षष्ठ्यांचन्द्रेन्दवं तथा ॥ १३९ ॥
बुधानुराधामष्टम्यां दशम्यां भृगुरेवतीम्।
नवम्यां गुरु पुष्यं चैकादश्यां शनि रोहिणी ॥१४०॥

भा० टी०-यदि पंचमी तिथि में हस्त रविवार हो, सप्तमी तिथि में भौम अश्विनी हो, षष्ठी तिथि में मृगशिरा चन्द्रवार हो, अष्टमी तिथि में बुध अनुराधा हो, दशमी तिथि में शुक्रवार रेवती हो, नवमी तिथि में गुरु पुष्य हो, और एकादशी तिथि में शनिवार रोहिणी ये नक्षत्र हों तो सम्पूर्ण कार्य में वर्जित है, नक्षत्र वार के मिलने से अमृत सिद्धि और सर्वार्थसिद्धि योग होता है परन्तु उक्त तिथियों के न मिलने से वह योग नहीं होता किन्तु दूषित योग हो जाता है॥

भौमादिक्न्यादि सर्वार्थसिद्धियोग कार्य विषये त्यागः—

गृहप्रवेशे यात्रायां विवाहे च यथाक्रमम्।
भौमाश्विनीं शनौ ब्राह्मं गुरौ पुष्यं विवर्जयेत् ॥१४१॥

---

* घटे तुलाली बधिरौ मृगाद्यौ रात्रौ च सिंहाज मृगादिवान्धाः।
कन्यानृयुक् कर्कटका निशान्धा दिने घटोऽन्त्यो निशिपंगुसंज्ञः ॥ १ ॥
